दैनिक जागरण नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2018

अग्रवाल व केएल मेहता कॉलेज के तीरंदाजों का दबदबा

जासं, फरीदाबाद : एमडीयू की ओर से आयोजित की जा रही तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को रिकर्व राउंड के मुकाबले हुए।

अग्रवाल पब्लिक स्कूल सेक्टर-तीन में आयोजित प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज के छात्रों और केएल मेहता कॉलेज फरीदाबाद की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के जितेंद्र 624 अंकों के साथ पहले स्थान पर, तरुण डागर 614 अंकों के साथ दूसरे और जाट कॉलेज रोहतक के प्रवीण ने 604 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

महिला वर्ग में केएल मेहता कॉलेज की सिमरनजीत कौर पहले, कीर्ति ठाकुर ने 257 अंक के साथ दूसरे और सुरभि तीसरे स्थान पर काबिज हुई। सोमवार को कंपाउंड राउंड मुकाबले संपन्न कराए जाएंगे। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने तीरंदाजों को बधाई दी।